अनुक्रमांक ..........

नाम ..........

901

# 801(FE)

## 2026

## हिन्दी

( केवल प्रश्नपत्र )

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**निर्देश :**

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों, खण्ड – अ तथा खण्ड – ब में विभक्त है ।

iii) खण्ड – अ में 1 अंक के **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके सही उत्तर **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर नीले अथवा **काले बाल प्वाइंट कलम** से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें ।

iv) खण्ड – अ के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें । ओ० एम०आर० उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा ह्वाइटनर का प्रयोग न करें ।

v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

vi) खण्ड – ब में **50** अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।

vii) खण्ड – ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें ।

viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए । जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए ।

389571 389571 389571 389571 389571 389571

Visit CollegeDekho

## खण्ड – 'अ'

### बहुविकल्पीय ( वस्तुनिष्ठ ) प्रश्न

1. 'नीड़ का निर्माण फिर' के लेखक हैं

(A) हरिभाऊ उपाध्याय (B) सुमित्रानन्दन पन्त (C) हरिवंशराय बच्चन (D) वृन्दावनलाल वर्मा

2. 'समय के पाँव' रचना की विधा है

(A) जीवनी (B) कहानी (C) उपन्यास (D) संस्मरण

3. कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर' की रचना है

(A) परिव्राजक की कथा (B) दीप जले शंख बजे (C) स्मृति की रेखाएँ (D) तूफानों के बीच

4. 'राजा भोज का सपना' कहानी के लेखक हैं

(A) माधव राव सप्रे (B) राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द'

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (D) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

5. 'चतुरसेन शास्त्री' द्वारा लिखा गया उपन्यास है

(A) हृदय की प्यास (B) गोद (C) चित्रलेखा (D) गढ़कुण्डार

6. 'रीतिबद्ध' काव्यधारा के कवि हैं

(A) घनानन्द (B) बोधा (C) मतिराम (D) आलम

7. 'छत्रसाल दशक' के रचयिता हैं

(A) भूषण (B) केशवदास (C) बिहारी (D) पद्माकर

8. 'नवजागरण काल' कहा जाता है

(A) 'द्विवेदी-युग' को (B) 'प्रगतिवाद' युग को (C) 'नई कविता' युग को (D) 'भारतेन्दु' युग

9. 'देव' की रचना है

(A) पद्माभरण (B) भावविलास (C) रामचन्द्रिका (D) गंगा लहरी

10. महादेवी वर्मा की काव्य-रचना है

(A) वीणा (B) समर्पण

(C) नीरजा (D) झाँसी की रानी की समाधि पर

3895771



Visit CollegeDekho

## खण्ड – 'ब'

### वर्णनात्मक प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 × 2 =

विश्वासपात्र मित्र से बड़ी भारी रक्षा रहती है । जिसे ऐसा मित्र मिल जाये, उसे समझना चाहिए कि खजाना मिल गया । विश्वासपात्र मित्र जीवन की एक औषधि है । हमें अपने मित्रों से यह आशा रखनी चाहिए कि वे उत्तम संकल्पों में हमें दृढ़ करेंगे, दोषों और त्रुटियों से हमें बचायेंगे हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पुष्ट करेंगे, जब हम कुमार्ग पर पैर रखेंगे, तब वे हमें सचेत करेंगे, जब हम हतोत्साहित होंगे, तब वे हमें उत्साहित करेंगे ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) विश्वासपात्र मित्र को जीवन की औषधि क्यों कहा गया है ?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

हिन्दी में प्रगतिशील साहित्य का निर्माण हो रहा है । उसके निर्माता यह समझ रहे हैं कि उनके साहित्य में भविष्य का गौरव निहित है । पर कुछ ही समय के बाद उनका यह साहित्य भी अतीत का स्मारक हो जायेगा और आज जो तरुण है वही वृद्ध होकर अतीत के गौरव का स्वप्न देखेंगे । उनके स्थान पर तरुणों का दूसरा दल आ जायगा, जो भविष्य का स्वप्न देखेगा । दोनों के ही स्वप्न सुखद होते हैं क्योंकि दूर के ढोल सुहावने होते हैं ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) प्रस्तुत गद्यांश में प्रगतिशीलता से क्या तात्पर्य है ?

2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 × 2 = 6

*रानी मैं जानी अजानी महा, पबि पाहन हूँ ते कठोर हियो है ।*
*राजहुँ काजु अकाजु न जान्यो, कह्यो तियको जेहिं कान कियो है ।।*
*ऐसी मनोहर मूरति ए, बिछुरे कैसे प्रीतम लोगु जियो है ।*
*आँखिन में, सखि ! राखिबे जोगु, इन्है किमि कै बनवासु दियो है ।।*

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) पद्यांश में 'ऐसी मनोहर मूरति ए' किसके लिए प्रयुक्त है ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**



Visit CollegeDekho

चल अंचल से झर-झर झरते

पथ में जुगनू के स्वर्ण फूल,

दीपक से देता बार-बार

तेरा उज्ज्वल चितवन-विलास !

रूपसि तेरा घन-केश-पाश !

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) उपर्युक्त कविता में प्रयुक्त 'घन-केश-पाश' का अर्थ लिखिए । 2 + 3 = 5

3. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

मानव-जीवनस्य संस्करणं संस्कृतिः । अस्माकं पूर्वजाः मानवजीवनसंस्कर्तुं महान्तं प्रयत्नम् अकुर्वन् । ते अस्माकं जीवनस्य संस्करणाय यान् आचारान् विचारान् च अदर्शयन् तत् सर्वम् अस्माकं संस्कृतिः ।

अथवा

"आं स्वीकृतः समयः," इति कथिते तस्मिन् नागरिके स ग्रामीणः नागरिकम् अवदत्, "प्रथमं भवान् एव पृच्छतु ।" नागरिकश्च तं ग्रामीणम् अकथयत्, "त्वमेव प्रथमं पृच्छ" इति । इदं श्रुत्वा स ग्रामीणः अवदत् "युक्तम्, अहमेव प्रथमं पृच्छामि ।" 2 + 3 = 5

4. निम्नलिखित संस्कृत श्लोकों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

धान्यानामुत्तमं किंस्विद् धनानां स्यात् किमुत्तमम् ।

लाभानामुत्तमं किं स्यात् सुखानां स्यात् किमुत्तमम् ॥

अथवा

कोकिल ! यापय दिवसान् तावद् विरसान् करील विटपेषु ।

यावन्मिलदलिमालः कोऽपि रसालः समुल्लसति ॥

★

389571



Visit CollegeDekho

5. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए। 1 × 3 = 3

(क) (i) 'मुक्ति-दूत' खण्डकाव्य की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'मुक्ति-दूत' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के षष्ठ सर्ग (राम-भरत मिलन) का कथानक लिखिए।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के नायक भरत का चरित्रांकन कीजिए।

(ग) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध तथा लक्ष्मण मूर्च्छा' सर्ग का कथानक लिखिए।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के प्रतिनायक मेघनाद का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के 'संकल्प' सर्ग का कथानक लिखिए।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर चन्द्रशेखर 'आजाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(च) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के 'आयोजन' सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर 'श्रीकृष्ण' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(छ) (i) 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य के 'पृथ्वीराज' सर्ग का कथानक लिखिए।

(ii) 'मेवाड़-मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर 'भामाशाह' का चरित्रांकन कीजिए।

(ज) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य का कथानक अपने शब्दों में संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर जवाहरलाल नेहरू की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(झ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर 'सुभाष चन्द्र बोस' का चरित्र-चित्रण कीजिए।



Visit CollegeDekho

6. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए। ( अधिकतम शब्द सीमा 80 ) 3 + 2 = 5

(i) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

(ii) रामचन्द्र शुक्ल

(iii) रामधारी सिंह 'दिनकर'।

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए ( अधिकतम शब्द सीमा 80 ) 3 + 2 = 5

(i) सूरदास

(ii) माखनलाल चतुर्वेदी

(iii) महादेवी वर्मा।

7. अपनी पाठ्यपुस्तक के संस्कृत खण्ड की पाठ्यवस्तु से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो। 2

8. विद्यालय में खेल-कूद की सामग्री हेतु ध्यान दिलाते हुए प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 6

अथवा

अपने मुहल्ले की नालियों की समुचित सफाई के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए : 1 + 1 = 2

(i) कर्मवीराणां संस्कृतिः का ?

(ii) वाराणसी केषां संगमस्थली अस्ति ?

(iii) चन्द्रशेखरः कः आसीत् ?

(iv) सुवर्णस्य किं मुख्यं दूषणम् ?

10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : ( अधिकतम शब्द सीमा 200 ) 1 × 7 = 7

(i) हमारे जीवन में विज्ञान का महत्त्व

(ii) पर्यावरण प्रदूषण-कारण और बचाव

(iii) नारी सशक्तीकरण

(iv) राष्ट्रीय एकता

(v) भारत में आतंकवाद : समस्या और समाधान।



Visit CollegeDekho

11. 'करुण' रस का स्थायी भाव है 1

(A) क्रोध (B) रति (C) शोक (D) हास

12. 'उपमेय में उपमान की संभावना' को कहते हैं 1

(A) रूपक अलंकार (B) उपमा अलंकार (C) उत्प्रेक्षा अलंकार (D) भ्रान्तिमान अलंकार

13. 'सोरठा' छन्द के दूसरे और चौथे चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ? 1

(A) 11 (B) 13 (C) 16 (D) 24

14. 'महावन' में समास है 1

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व (C) कर्मधारय (D) तत्पुरुष

15. 'इन्द्र' का पर्यायवाची है 1

(A) तटिनी (B) तरिणी (C) सुरपति (D) सुरसरि

16. 'अज्ञान' में उपसर्ग है 1

(A) अज्ञ (B) अ (C) अन् (D) अप

17. 'युष्मद्' का सप्तमी विभक्ति, एकवचन का रूप है 1

(A) त्वयि (B) त्वत् (C) युवयोः (D) युष्मत्

18. 'रचना' के आधार पर वाक्य के भेद होते हैं 1

(A) 8 (B) 3 (C) 2 (D) 6

19. 'वह खेलेगा' वाक्य का भाववाच्य वाक्य होगा 1

(A) वह खेलता है ।

(B) उसने खेल खेला ।

(C) मेरे द्वारा खेल खेला जायगा ।

(D) उसके द्वारा खेला जायगा ।

20. क्रियाविशेषण अविकारी पद के भेद हैं 1

(A) 4 (B) 6 (C) 8 (D) 5



Visit CollegeDekho